न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर, मुण्डावर(अलवर)

राष्ट्रीय लोक अदालत मुख्यालय मुण्डावर

पीठासीन अधिकारीः– पंकज बडगूर्जर (R.A.S.)

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या	रजू दिनांक	निर्णय दिनांक
09 / 2021	26 / 07 / 2021	11 / 12 / 2021

1. कर्णसिंह
2. रामानन्द
3. सुरेशचन्द
4. दिलावर पुत्रान केहरसिंह जातियान अहीर निवासीयान दरबारपुर तहसील मुण्डावर जिला अलवर, राज0
5. शारदा
6. रंजनी पुत्रीयान केहरसिंह जातियान अहीर निवासीयान दरबारपुर तहसील मुण्डावर जिला अलवर, राज0

प्रार्थीगण

बनाम

1. दिलसुख पुत्र उदमीराम जाति अहीर निवासी दरबारपुर तहसील मुण्डावर जिला अलवर, राज0

अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अर्न्तगत धारा 48, 49 राज0 काश्त0 अधि0 1955

उपस्थितिः– श्री सुरेशचन्द यादव वकील प्रार्थीगण

श्री बस्तीराम यादव वकील अप्रार्थीगण

निर्णय दिनांक 11 / 12 / 2021

आज यह पत्रावली बरूवे राजीनामे सुनाये जाने आदेश राष्ट्रीय लोक अदालत मुख्यालय मुण्डावर में पेश हुयी। वकील उभय पक्षकारान एवं पक्षकारान उपस्थित आये। प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र का सार रहा कि हाल आराजी ख0न0 1249 / 0.15 हैक्0, साबिक ख0न0 1170 / 0.15 हैक्0, वाके ग्राम दरबारपुर में स्थित होकर मिन प्रार्थीगण के कब्जेकाश्त एवं खातेदारी की रही है। उक्त आराजी का मिन प्रार्थीगण के पिता ने लगभग 45 साल पूर्व अप्रार्थी की आराजी ख0न0 साबिक 326 / 0.13 हैक्0, हाल आराजी ख0न0 343 / 0.13 हैक्0, वाके ग्राम दरबारपुर से तबादला कर लिया था तथा मौके पर मुताबिक तबादला अपने अपने ख0न0 पर काबिज होकर काश्त करते चले आ रहे है तथा आज भी मौके पर काबिज है, लेकिन राजस्व रिर्कोड में तबादला दर्ज नही करा सके, का अंकन करते हुये प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर, हाल आराजी ख0न0 1249 / 0.15 हैक्0, के बाबत राजस्व रिर्कोड में दर्ज हम प्रार्थीगण के नाम को हजफ किया जाकर, उसके स्थान पर अप्रार्थी का नाम अंकित किये जाने बाबत निवेदन रहा। मुताबिक राजीनामा हाल आराजी ख0न0 343 / 0.13 हैक्0, वाके ग्राम दरबारपुर के राजस्व रिर्कोड में दर्ज अप्रार्थी दिलसुख के नाम के अंकन को हजफ किया जाकर उसके स्थान पर प्रार्थीगण स0 1 ल0 6 का समभाग में अंकन किये जाने तथा हाल आराजी ख0न0 1249 / 0.15 हैक्0, वाके ग्राम दरबारपुर के बाबत दर्ज प्रार्थीगण स0 1 ल0 6 के नाम को हजफ किया जाकर, उनके स्थान पर अप्रार्थी दिलसुख के नाम का अंकन किये जाने का निवेदन रहा।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर बाद विधिवत तलवी अप्रार्थी उपस्थित अधिवक्ता उपस्थित ... ... प्रार्थना पत्र प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र को स्वीकार किये जाने के बाबत उभय पक्षकारान ने राष्ट्रीय लोक अदालत की भावना से राजीनामा पेश किया। जिसकों उभय पक्षकारान को पढकर सुनाया गया एवं सही होना स्वीकार कर, उभय पक्षकारान ने सहमति स्वरूप अपने अपने हस्ताक्षर किये, प्रार्थीगण की ओर से श्री सुरेशचन्द यादव अधिवक्ता ने एवं अप्रार्थी की ओर से श्री बस्तीराम यादव अधिवक्ता ने पहचान कर, हस्ताक्षर किये । वकूलाय एवं उभय पक्षकारान को मजमे आम में सुना गया एवं पत्रावली व पत्रावली मे प्रस्तुत दस्तावेजात के अवलोकन उपरान्त मुताबिक राजीनामा प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र को यह न्यायालय स्वीकार योग्य पाता है।

Signature Not Verified

Digitally signed by Pankaj Badgujar
Date: 2022.07.05 13:40:38 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलक्टर
मुण्डावर (अलवर) राज0

आदेश

उपरोक्त विवेचन के आधार पर बरूवे राजीनामा हाल आराजी ख0न0 343/0.13 है0, वाके ग्राम दरबारपुर तहसील मुण्डावर के राजस्व रिर्कोड में दर्ज अप्रार्थी के नाम को हजफ किया जाकर, उसके स्थान पर प्रार्थीगण के नाम समभाग में अंकन किये जाने एवं हाल आराजी ख0न0 1249/0.15 है0, वाके ग्राम दरबारपुर के राजस्व रिर्कोड में प्रार्थीगण के नाम को हजफ किया जाकर, उनके स्थान पर अप्रार्थी के नाम का अंकन किये जाने के बाबत के प्रार्थना पत्र को स्वीकार योग्य पाये जाने की स्थिति में स्वीकार किया जाता है एवं हाल आराजी ख0न0 343/0.13 है0, वाके ग्राम दरबारपुर तहसील मुण्डावर के राजस्व रिर्कोड में दर्ज अप्रार्थी के नाम को हजफ किया जाकर, उसके स्थान पर प्रार्थीगण के नाम समभाग में अंकन किये जाने एवं हाल आराजी ख0न0 1249/0.15 है0, वाके ग्राम दरबारपुर के राजस्व रिर्कोड में प्रार्थीगण के नाम को हजफ किया जाकर, उनके स्थान पर अप्रार्थी के नाम का अंकन किये जाने के आदेश दिये जाते है। उक्तानुसार ही हाल राजस्व रिर्कोड में अमल दरामद किये जाने हेतु तहसीलदार मुण्डावर को अहकाम जारी हो।

आज दिनांक 11/12/2021 को यह निर्णय मेरे द्वारा लिखाया जाकर, न्यायालय की मुद्रा से जारी कर, मजमें आम में सुनाया गया।

(पंकज बडगूर्जर)
उपखण्ड अधिकारी मुण्डावर
जिला अलवर राजस्थान

सहायक कलक्टर
मुण्डावर (अलवर) राज०

Signature Not Verified

Digitally signed by Pankaj Badgujar
Date: 2022.07.05 13:40:38 IST
Reason: SelfAttested